>

Title: Need to implement the demands for improving and augmenting the Railway services in Satna Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत सतना लोकसभा क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशन में बुनियादी सुविधाओं तथा नई यात्री गाड़ियों के चलाने एवं कुछ गाड़ियों के स्टॉपेज निर्धारित करने के संबंध में क्षेत्रीय संघर्ष समिति के द्वारा किए गए आंदोलन में 42 सूत्रीय मांगों को रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक पूरा नहीं किया गया। रेलवे बोर्ड के आश्वासन पर ही इस आंदोलन को रोका गया था।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि क्षेत्रीय संघर्ष समिति की इन 42 सूत्रीय मांगों की पुनर्समीक्षा की जाए तथा उसके संबंध में उस समय जो निर्णय लिए गए थे उन्हें शब्दशः लागू किया जाए।